भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या †409**
दिनांक 04.02.2025 को उत्तरार्थ

**उद्यमिता विकास सम्मेलन का उद्देश्य**

†409. श्री काली चरण सिंह:
श्री प्रदीप कुमार सिंह:
श्री विश्वेश्वर हेगडे कागेरी:
श्रीमती कृति देवी देबबर्मन:
डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:
श्री तापिर गाव:
श्री खगेन मुर्मु:
श्री सुरेश कुमार कश्यप:
डॉ. निशिकान्त दुबे:
सुश्री कंगना रनौत:
श्री मनोज तिवारी:
श्रीमती स्मिता उदय वाघ:
श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:
श्री देवुसिंह चौहान:
श्री धर्मबीर सिंह:

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

''उद्यमिता विकास सम्मेलन'' के उद्देश्य क्या हैं और यह सरकार की जलगांव लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विशेष संदर्भ सहित महाराष्ट्र में ग्रामीण और जमीनी स्तर पर उद्यमिता विकास को बढावा देने वाली व्यापक दृष्टि के साथ किस प्रकार संरेखित होता है;

सरकार का विचार महाराष्ट्र में उद्यमियों के समक्ष आने वाली विशिष्ट चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने वाली सम्मेलन की चर्चाओं के विशेष संदर्भ में ग्रामीण उद्यमियों के लिए कौशल विकास और क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों को लागू करने के लिए पंचायती पंचायती राज प्रणाली का लाभ किस प्रकार से उठाने का है;

क्या सरकार द्वारा पंचायती राज प्रणाली के अंतर्गत उन्नत समर्थन तंत्र के माध्यम से, जलगांव लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विशेष संदर्भ में गांवों तथा छोटे शहरों जैसे क्षेत्रों में ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए कोई विशेष उपाय किए जा रहे हैं;और

सरकार का विचार महाराष्ट्र में सम्मेलन की चर्चाओं और परिणामों को ग्रामीण उद्यमियों को लाभ पहुंचाने वाली कार्रवाई योग्य नीतियों और पहलों में परिणित किया जाना किस प्रकार सुनिश्चित करने का है?

**उत्तर**

पंचायती राज राज्य मंत्री

(प्रोफ.एस.पी.सिंह बघेल)

से (घ) उद्यमिता विकास सम्मेलन 2025, जिसका विषय था "उद्यमियों को सशक्त बनाना, पशुधन अर्थशास्त्र में परिवर्तन लाना", पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) के तहत उद्यमिता योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया था ताकि आगे के अवसरों का पता लगाया जा सके और ग्रामीण उद्यमियों के लिए ऋण तक पहुंच को सुविधाजनक बनाया जा सके। सम्मेलन का आयोजन डीएएचडी द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एनएलएम-ईडीपी) और पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) के तहत सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया, साथ ही उद्यमियों, वित्तीय संस्थाओं और नीति निर्माताओं सहित प्रमुख हितधारकों के योगदान को भी मान्यता दी गई। सभी हितधारकों को एक साथ लाकर, सम्मेलन ने इन योजनाओं को मजबूत करने के लिए विचारों और अंतर्दृष्टि के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान की, जिससे ग्रामीण आर्थिक विकास पर उनके दीर्घकालिक प्रभाव को सुनिश्चित किया जा सके।

यह सम्मेलन सरकार की व्यापक दृष्टि, विकास और आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप है, जो रोजगार सृजन, वित्तीय समावेशन और स्थायी पशुधन अवसंरचना के विकास में योगदान देता है। निवेश, डेयरी प्रसंस्करण, चारा अवसंरचना और रोजगार सृजन पर विशेष जोर देने के साथ, यह आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं में विशेष रूप से महाराष्ट्र के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण था. राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एनएलएम-ईडीपी) और पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) के तहत जलगांव सहित महाराष्ट्र राज्य का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा क्रियान्वित उद्यमिता विकास सम्मेलन में नस्ल उन्नयन, उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने पर विचार किया गया तथा उद्यमशीलता गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिन्हें मौजूदा योजनाओं के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा।

इस बात पर चर्चा की गई कि राज्य/लाभार्थी एनएलएम और एएचआईडीएफ योजनाओं के तहत किस तरह लाभ उठा सकते हैं। एनएलएम के तहत, भेड़ और बकरी, मुर्गी पालन, सुअर, चारा और भूसा, ऊंट, गधे, घोड़े से संबंधित उद्यमिता गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाता है, जिसके लिए लाभार्थी केंद्र सरकार से 50% सब्सिडी या 50 लाख रुपये तक का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही एएचआईडीएफ के लाभों के बारे में भी सभी प्रतिभागियों को बताया गया, जिसमें 3% ब्याज अनुदान, 25% क्रेडिट गारंटी, 90% तक ऋण और आसान ऑनलाइन प्रणाली शामिल हैं।

तकनीकी चर्चाएँ भी हुईं, जिनमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृत्रिम गर्भाधान जैसी तकनीक का लाभ उठाने और डेयरी में लाभप्रदता बढ़ाने के लिए उत्पादन और मूल्य संवर्धन में सहकारी समितियों/निजी क्षेत्र की भागीदारी पर जोर दिया गया। इस बात पर भी चर्चा की गई कि किसानों को किफायती ऋण कैसे आसानी से उपलब्ध कराया जाए, जिससे ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा मिले और आर्थिक लचीलापन बढ़े।

***

**अनुबंध**

**“उद्यमिता विकास सम्मेलन का उद्देश्य” के संबंध में दिनांक 04.02.2025 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 409 के भाग (क से घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एनएलएम-ईडीपी) और पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ) के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य का विवरण**

**(i) राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एनएलएम-ईडीपी):**

| क्र.सं. | जिले का नाम | कुल डीएएचडी अनुमोदित परियोजनाएं | कुल परियोजना लागत (रुपए करोड़ में) | कुल स्वीकृत सब्सिडी (रुपए करोड़ में) | सब्सिडी प्राप्त कुल परियोजनाएं | जारी की गई सब्सिडी की कुल राशि (रुपए करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलगांव | 5 | 3.13 | 1.50 | 3 | 0.65 |
| 2 | अकोला | 4 | 1.91 | 0.87 | 2 | 0.21 |
| 3 | अमरावती | 19 | 10.15 | 4.71 | 5 | 0.72 |
| 4 | बीड | 5 | 1.92 | 0.95 | 1 | 0.13 |
| 5 | भंडारा | 3 | 2.16 | 0.89 | 2 | 0.29 |
| 6 | बुलढाना | 8 | 5.36 | 2.55 | 2 | 0.30 |
| 7 | चंद्रपुर | 4 | 1.93 | 0.89 | | 0.00 |
| 8 | छत्रपति संभाजीनगर | 19 | 14.86 | 7.05 | 10 | 1.94 |
| 9 | धाराशिव | 8 | 5.13 | 2.32 | 3 | 0.19 |
| 10 | धुले | 8 | 6.03 | 2.99 | | 0.00 |
| 11 | गोंदिया | 2 | 2.00 | 1.00 | | 0.00 |
| 12 | हिंगोली | 10 | 6.45 | 3.11 | 3 | 0.57 |
| 13 | अहमदनगर | 17 | 10.34 | 4.79 | 5 | 0.84 |
| 14 | जालना | 9 | 6.82 | 3.39 | 5 | 1.00 |
| 15 | कोल्हापुर | 8 | 6.57 | 3.06 | 3 | 0.50 |
| 16 | लातूर | 6 | 4.61 | 1.94 | 1 | 0.22 |
| 17 | नागपुर | 5 | 2.00 | 0.94 | 2 | 0.25 |
| 18 | नांदेड़ | 11 | 8.31 | 4.04 | 6 | 1.21 |
| 19 | नंदुरबार | 1 | 1.00 | 0.43 | 1 | 0.21 |
| 20 | नासिक | 18 | 11.58 | 5.16 | 7 | 1.26 |
| 21 | पालघर | 1 | 1.07 | 0.50 | | 0.00 |
| 22 | परभनी | 38 | 26.75 | 13.08 | 19 | 3.85 |
| 23 | पुणे | 33 | 14.73 | 7.00 | 4 | 0.87 |
| 24 | रत्नागिरि | 1 | 1.09 | 0.50 | | 0.00 |
| 25 | संगली | 10 | 5.17 | 2.31 | 5 | 0.91 |
| 26 | सतारा | 22 | 15.72 | 7.34 | 9 | 1.62 |
| 27 | सिंधुदुर्ग | 3 | 1.14 | 0.50 | | 0.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | सोलापुर | 24 | 10.40 | 4.91 | 7 | 0.67 |
| 29 | ठाणे | 1 | 0.58 | 0.29 | | 0.00 |
| 30 | वर्धा | 3 | 1.76 | 0.80 | 1 | 0.10 |
| 31 | यवतमाल | 9 | 4.80 | 2.16 | 2 | 0.27 |
| **कुल** | | **315** | **195.48** | **91.95** | **108** | **18.78** |

**(ii) पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ):**

| **क्र. सं** | **जिले का नाम** | **अनुमोदित परियोजना** | **परियोजना की लागत (रुपए करोड़ में)** | **ऋण की राशि (रुपए करोड़ में))** | **जारी आईएस की स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अहमदनगर | 6 | 65.74 | 49.07 | 1.43 |
| 2 | औरंगाबाद | 1 | 58.52 | 50.00 | 0.10 |
| 3 | बीड | 1 | 4.70 | 1.40 | 0.02 |
| 4 | धुले | 2 | 4.63 | 2.96 | 0.05 |
| 5 | कोल्हापुर | 6 | 40.29 | 25.26 | 1.12 |
| 6 | लातूर | 1 | 4.84 | 3.40 | 0.14 |
| 7 | मुंबई | 1 | 78.51 | 50.00 | 3.29 |
| 8 | नागपुर | 3 | 18.37 | 11.90 | 0.58 |
| 9 | नासिक | 3 | 68.98 | 51.41 | 1.60 |
| 10 | उस्मानाबाद | 2 | 4.41 | 2.54 | 0.13 |
| 11 | पालघर | 1 | 22.00 | 12.50 | 0.51 |
| 12 | पुणे | 8 | 929.89 | 670.65 | 20.14 |
| 13 | रायगढ़ | 1 | 88.26 | 59.00 | 0.51 |
| 14 | रत्नागिरि | 2 | 26.52 | 16.70 | 0.56 |
| 15 | संगली | 4 | 145.07 | 99.22 | 2.28 |
| 16 | सतारा | 5 | 106.41 | 75.62 | 3.75 |
| 17 | सोलापुर | 8 | 122.07 | 83.64 | 3.57 |
| **कुल** | | **55** | **1789.20** | **1265.27** | **39.76** |